**Series : CPRPR/2** **SET ~ 3**

**प्रश्न पत्र कोड 4/2/3**

**रोल नं.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 8 प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

*

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **आठ** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खंड हैं – **खंड-क** और **खंड-ख** ।*

*(iii) **खंड-क** में कुल 3 प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv) **खंड-ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*

## खंड – क

1. पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' के निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'हरिहर काका' कहानी में आपने पढ़ा कि हरिहर काका का, महंत और उसके साथियों ने अपहरण कर लिया । कल्पना कीजिए कि आप एक पत्रकार हैं । आपको हरिहर काका के, महंत की गिरफ़्त में होने का पता लगता है । आप किन बातों का खुलासा करेंगे और दूसरे लोगों पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(ख) 'सपनों के–से दिन' पाठ के लेखक को नई कक्षा में पुरानी किताबों की गंध उदास कर देती थी, क्यों ?

(ग) आपके विचार से मित्रता की कौन–कौन सी कसौटियाँ हो सकती हैं ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के संदर्भ में तीन बिंदु लिखिए ।

2. निम्नलिखित दो प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **60-70** शब्दों में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(क) 'झेन की देन' पाठ के आधार पर बताइए कि पर्णकुटी में चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या–क्या परिवर्तन महसूस किए ।

(ख) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर बताइए कि सवार कौन था ? वह किससे मिलना चाहता था और क्यों ? इस सारे प्रसंग में सवार की कौन–सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर बताइए ।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में पर्वतों को 'मेखलाकार पर्वत अपार' कहने का कवि का क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर बताइए कि सीमा पर शहीद होने वाले सैनिकों को मरते दम तक किस बात पर गर्व है और क्यों ?

## खंड – ख

4. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **6**

(क) जानलेवा प्लास्टिक
- सस्ता और सुलभता के कारण लोकप्रिय
- दूषित रसायनों की खान
- प्रतिबंध की आवश्यकता

(ख) आज़ादी का अमृत महोत्सव
- आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ
- विभिन्न गतिविधियों का संगम
- स्वतंत्रता सेनानियों का परिचय/स्मरण

(ग) वन संरक्षण
- क्या है ? और क्यों ?
- वन कटाव पर रोक
- वृक्षारोपण आज की जरूरत, सुझाव

5. (a) आप सलिल/रजनी हैं। कुछ समय से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं। उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

(b) आप आराधना/निमित हैं। विद्यालय में क्रिकेट प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्या को लगभग **120** शब्दों में धन्यवाद पत्र लिखिए। **5**

6. (क) (a) अ.ब.स. कम्पनी द्वारा त्योहारों के अवसर पर बिजली के उपकरणों की बिक्री पर 25% तक की छूट दी जा रही है। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में तैयार कीजिए। **2½**

**अथवा**

(b) गर्मी की छुट्टियों में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए इक्कीस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में तैयार कीजिए। **2½**

(ख) (a) यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में यातायात पुलिस की ओर से तैयार कीजिए। **2½**

**अथवा**

(b) प्रदूषण नियंत्रण के लिए साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में तैयार कीजिए। **2½**

7. (क) (a) आप विनीत/विनीता हैं। आप 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं। सोसायटी के निवासियों की सुरक्षा हेतु कैमरे लगवाए गए हैं। इसकी सूचना देते हुए लगभग **50** शब्दों में सूचना लिखिए। **2½**

**अथवा**

(b) आप विनय/विनम्रता हैं। आप विद्यार्थी परिषद् के सचिव हैं। अंतर्कक्षा कविता पाठ प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग **50** शब्दों में सूचना लिखिए। **2½**

(ख) (a) आप जॉनसन/जानकी हैं। विद्यालय की कैंटीन में आपको एक घड़ी मिली है। 'खोया पाया' विभाग को जानकारी देने के लिए उसकी सूचना लगभग **50** शब्दों में तैयार कीजिए। **2½**

**अथवा**

(b) आप गरिमा/पंकज हैं। कोरोना के चलते सोसायटी में गणतंत्र दिवस पर केवल आभासी (वर्चुअल) ध्वजारोहण होगा। सभी अपने घरों से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देने के लिए लगभग **50** शब्दों में सूचना लिखिए। **2½**

8. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में लघुकथा लिखिए : **5**

(क) खेतों में भुट्टे की फसल देख, हर कोई कहता – कितनी बढ़िया है। दो-चार दिन में कटाई की तैयारी थी लेकिन ......

**अथवा**

(ख) आसमान में उड़ती पतंगें ! देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए। एक लंबा समय और हम अभी भी .....